बच्चों की जांच तथा उपचार के लिए बनाया गया है| यहाँ चिकित्सकों की स्पेशल टीम है जो अधिगम अक्षमता वाले बच्चों को उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराते है |

- **विद्यालय में सुविधाएं उपलब्ध कराना** :भाषा चिकित्सक विद्यालय में जा कर बच्चों की जांच करते है तथा शिक्षकों को अधिगम अक्षमता के बारे में जानकारी देते है |
- अभिभावकों को विद्यालय चुनने, घर पर ट्रेनिंग देने और जांच कराने के महत्व के बारे में समझाया जाता है |

अधिगम अक्षमता को कैसे रोके?

- बचपन में भाषा सीखने और बोलने के लिए बच्चो को प्रोत्साहित करें |
- कानों से सम्बंधित बीमारी का तुरंत उपचार करें |
- जिन बच्चो को बोलने में कठिनाई है, उनका तुरंत मूल्यांकन और उपचार करें |
- गर्भावस्था के दौरान नियमित रूप से सेहत का ख्याल रखे |
- गर्भावस्था के दौरान (खास कर पहले तीन महीनो में) बीमारियों से बचें |
- रिश्तेदारी में शादी करने से बचें |
- १६ साल की उम्र से पहले और ३५ साल की उम्र के बाद गर्भधारण करने से बचें |
- बच्चे का नियमित रूप से टीकाकरण कराएं |

CONTACT US

अधिगम अक्षमता

के बारे में पूछे जाने वाले सवाल

ALL INDIA INSTITUTE OF SPEECH AND HEARING ★MYSORE★

संप्रेषण विकृति रोकथाम विभाग (पी ओ सी डी)

अखिल भारतीय वाक् श्रवण संस्थान

(भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संगठन) ISO 9001:2005 प्रमाणित

नैमिषम आवरण, मानसगंगोत्री, मैसूरु- 570 006

फ़ोन नंबर: +91-0821 2502703/2502575 **टोल फ्री:** 18004255218

ई मेल: director@aiishmysore.in **वेबसाईट:** www.aiishmysore.in

@AIISHMYSORE1 AIISH MYSURU AIISH Mysuru AIISH Mysuru

@AIISHMYSORE1 AIISH MYSURU AIISH Mysuru AIISH Mysuru

अधिगम अक्षमता (लर्निंग डिसेबिलिटी) क्या हैं?

- यह एक ऐसी अवस्था है जिसमे सीखने, पढ़ने, लिखने, विचार करने, गणित करने, आदि की क्षमता प्रभावित होती हैं|
- इन बच्चो में औसत या औसत से ऊपर बुद्धिमत्ता होती हैं|
- परन्तु ऐसा ज़रूरी नहीं है की जो बच्चा शैक्षिक कार्यो में पीछे हो उसे अधिगम अक्षमता हो |
- इन बच्चो में देखकर सिखने की क्षमता मजबूत होती हैं|
- यह लड़कों और लड़कियों दोनों में पाया जाता हैं|
- लड़कियों की तुलना में लड़कों में यह अक्षमता ज्यादा पाई जाती हैं |

अधिगम अक्षमता के कारण

अधिगम अक्षमता के कारण अभी तक अच्छी तरह से समझ नहीं आये है, लेकिन

निम्लिखित कारणों की वजह से ये हो सकता हैं:

- अनुवांशिक : माता-पिता से आने वाले असामान्य जीन
- गर्भावस्था या जन्म के वक़्त आने वाली कठिनाइयाँ जैसे - विकासशील दिमाग की असमानताएं, समयपूर्व जन्मे बच्चे, बिमारी या चोट, गर्भावस्था में शराब या नशीले पदार्थो से खतरा , जन्म के, वक़्त वजन कम होना, ऑक्सीजन की कमी, इत्यादि |

अधिगम अक्षमता कैसे पहचाने?

निम्नलिखित में से एक या दो गुण बच्चो में प्रदर्शित होने चाहिए:

- लिखने , शब्द बनाने , गणित समझने , अंको को सही क्रमांक में लगाने (जैसे अंको को बढ़ते या घटते क्रम में लगाना) में कठिनाई
- एक साथ दो- तीन काम करने में कठिनाई
- स्मृति, सामाजिक कौशल और समय प्रबंधन में कठिनाई
- शब्दों कोआवाज़ के साथ जोड़ने में कठिनाई (उदा. सेब मेंपहला अक्षर पहचानना)
- शब्दों को अक्षरों में तोडना
- हाथ और उंगलियों के इस्तेमाल से बारीकी से किये जाने वाले काम न कर पाना
- २ वस्तुओं या चित्रो में फर्क न समझ पाना

अगर बच्चे में इनमे से कोई लक्षण मौजूद है तो पहले उसके शिक्षक से संपर्क करे और उन्हें पूछे के बच्चे का कक्षा में व्यव्हार कैसा है |

अखिल भारतीय वाक् श्रवण संस्था (AIISH) में अधिगम अक्षमता के लिए कौन से उपचार उपलब्ध है?

AIISH (अ.भा.वा.श्र.सं) में निम्नलिखित सुविधाएं उपलब्ध है :

- **वाक् भाषा चिकित्सक परामर्श** : बच्चों की भाषा, गणित, पढ़ना- लिखना , आदि जैसे कौशलों के लिए जांच तथा स्पीच थेरपी प्रदान करते है |

- **मनोविज्ञानी परामर्श**: बच्चे की बुद्धि क्षमता की जांच करते है |

- **विशेष शिक्षक** : बच्चों की शैक्षिक कार्यक्षमता की जांच करना तथा उन्हें इन कार्यो में मदद करना |

- **अधिगम अक्षमता क्लिनिक** : यह एक स्पेशल यूनिट है जो पूर्ण तरीके से अधिगम अक्षमता वाले